फरवरी में डीएमआरसी सौंपेगा आरएफपी

ग्रेनो मेट्रो और नोएडा विस्तार अब एक साथ

अमर उजाला ब्यूरो

- प्राधिकरण कागजी कार्रवाई पूरी करने में जुटा
- 2014 तक पूरा किया जाएगा विकास कार्य

नोएडा। मेट्रो विस्तार और ग्रेटर नोएडा मेट्रो के लिए फरवरी में डीएमआरसी आरएफपी (रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल) सौंपेगा। इसमें ग्रेटर नोएडा मेट्रो और नोएडा विस्तार को एक साथ पूरा करने का प्रयास होगा, इसके लिए आगे की रणनीति बनाने का काम शुरू किया गया है। 2014 तक कार्यों को करवाया जाएगा।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो लाइन बिछाने और नोएडा में विस्तार को एक साथ पूरा किए जाने की संभावनाएं तेज हो गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी रमा रमण ने साफ कर दिया कि फरवरी महीने के अंत में डीएमआरसी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) सौंपेगा। इसके अलावा प्रोजेक्ट को पूरा करने में आने वाले बजट को साफ किया जाएगा। डीएमआरसी के संबंधित अधिकारी विदेशी दौरे पर है, जो 15 फरवरी के बाद वापस आएंगे। ऐसे में अभी इस मुद्दे पर कुछ भी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। उन्होंने बताया कि नोएडा विस्तार और ग्रेटर नोएडा पहुंचने में 2014 का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। इसी के मद्देनजर काम किया जाएगा। रमा रमण के अनुसार मेट्रो को बढ़ाने के लिए टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने काम अब नए वित्तीय वर्ष में ही हो सकेगा। उन्होंने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच 29 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई जानी है, जबकि इसके बीच कुल 22 स्टेशन बनाए जाएंगे। सिटी सेंटर से एक्सप्रेस-वे और फिर परी चौक का सफर पूरा करने के लिए दो रास्ते मौजूद हैं। इस पर भी काम किया जा रहा है, किस रूट पर आम लोगों को ज्यादा लाभ मिलेगा उसकी खोज जारी है। अभी सेक्टर-50 और 48 होकर एक्सप्रेस-वे जाने का एक रास्ता है, जबकि दूसरा रास्ता सेक्टर-75, 76, 77, 78 होते हुए एक्सप्रेस-वे को जोड़ता है। इसके अलावा सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन को जंक्शन बनाने की घोषणा डीएमआरसी ने पहले ही कर दी है इसलिए सेक्टर-44 से बाएं मुड़कर एक्सप्रेस-वे के रास्ते को अपनाया जा सकता है।